web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 17 जून 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-255

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोगादिशु में दो कार बम विस्फोट, 10 की मौत, कई घायल

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में दो कार बम विस्फोटों में कम से कम 10 लोग मारे गए जबकि 26 अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, पुलिस आयुक्त बशीर आब्दी मोहम्मद ने शनिवार को पत्रकारों को बताया, सैईदका जंक्शन के पास बम विस्फोट के बाद नौ लोग मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस प्रमुख ने कहा कि केएम4 जंक्शन के पास दूसरा कार बम विस्फोट हुआ और हमलावर की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने उसके एक घायल साथी को गिरफ्तार किया है। यह विस्फोट तब हुआ जब पुलिस ने आतंकवादियों द्वारा संभावित हमलों को रोकने के लिए शहर की मुख्य सड़कों को अवरुद्ध कर राजधानी की सुरक्षा कड़ी कर दी। अल-कायदा संबद्ध समूह अल-शबाब ने हमले को अंजाम देने का दावा किया है।

### प्रवासी भारतीय की डूबने से मौत

**दुबई।** परिवार के साथ सैर करने निकले एक प्रवासी भारतीय की दुबई के जुमेराह बीच पर डूबने से मौत हो गई। मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। खलीज टाइम्स के मुताबिक, मृतक के परिजनों और दोस्तों ने बताया कि 40 वर्षीय जॉन प्रीतम पॉल शनिवार सुबह समुद्र में डुबकी लगाने गए थे, तभी उनके साथ यह हादसा हो गया। उनके तीन बच्चे भी उनके साथ थे। साथ ही उनकी बहन और जीजा भी साथ थे जो दुबई की यात्रा पर आए थे। पॉल के पूर्व बॉस जीजो जलाल ने खलीज टाइम्स को बताया, पुलिस ने पुष्टि की है कि मौत का कारण कार्डिएक अरेस्ट था। पॉल ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित रेडियो स्टेशन, गिली एफएम के लिए सेल्स हेड के रूप में काम किया था। वह 14 साल से अधिक समय से यूएई के निवासी थे। खलीज टाइम्स से पॉल की पत्नी ने कहा, बच्चे और घर आए रिश्तेदार सुबह जल्दी समुद्र तट पर चले गए थे। उन्होंने कहा, लौटने से ठीक पहले, वह डुबकी लगाने के लिए वापस समुद्र में चले गए। परिवार ने कुछ मिनटों बाद उनके शरीर को पानी में तैरते हुए देखा।उन्होंने आगे कहा, मैं अभी भी नहीं जानती कि यह कैसे हुआ। वह बहुत अच्छे तैराक हैं।

### लाम्बा ने लुडलो कैसल स्कूल में शिक्षक नहीं होने की सिसोदिया से की शिकायत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी की विधायक अलका लाम्बा ने दिल्ली में अपनी ही पार्टी की सरकार के शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व कामों के दावे पर सवाल उठाते हुये दिल्ली स्थित लुडलो कैसल स्कूल में शिक्षक नहीं होने और अस्पतालों में रोगी कल्याण समिति के कोष का इस्तेमाल नहीं होने का मामला उठाया। आप नेतृत्व से नाराज चल रही पार्टी की विधायक लाम्बा ने शनिवार को अपने क्षेत्र के इस स्कूल का दौरा कर स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों के साथ बैठक में सामने आयी स्कूल की तमाम समस्याओं को उठाते हुये शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया से इन्हें दूर करने की मांग की। उन्होंने ट्वीट कर कहा, ''मैंने चाँदनी चौक स्थित दिल्ली सरकार के लुडलो कैसल स्कूल का दौरा कर अभिभावकों, एसएमसी के सदस्यों, प्रिंसिपल और अध्यापकों से मुलाकात की। अभिभावकों ने शिक्षकों की कमी को सबसे बड़ा मुद्दा बताया।'' उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के हवाले से कहा, ''रसायन विज्ञान, वाणिज्य और अर्थशास्त्र का एक भी अध्यापक नही हैं। बच्चे बिना अध्यापक के खुद पढ़ाई करने को मजबूर हैं, कुछ बच्चों ने स्कूल आना भी छोड़ दिया है।'' लाम्बा ने कहा कि उम्मीद करती हूं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, उपराज्यपाल साहब इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द कदम उठाएंगे, यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा सवाल है।''

# नार्थईस्ट में उग्रवादी कैंपों को किया तबाह

**नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय सेना ने नार्थईस्ट में म्यांमार की सीमा से लगे इलाकों में बने उग्रवादी कैंपों पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय सेना ने इस कार्रवाई को म्यांमार की सेना के साथ मिलकर अंजाम दिया है। संयुक्त ऑपरेशन में कई उग्रवादी कैंपों को नेस्तानाबूद कर दिया गया हैय़ सेना की इस कार्रवाई के बाद भाग रहे आतंकियों को सुरक्षाबलों ने धर दबोचा। दोनों देशों ने इस अभियान को 'ऑपरेशन सनशाइन-2' का नाम दिया है।**

## भारतीय सेना की एक और सर्जिकल स्ट्राइक



रिपार्ट के मुताबिक, ऑपरेशन सनसाइन-2 के तहत भारतीय सेना ने करीब 70 से 80 उग्रवादियों को पकड़ा है। फिलहाल उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सनशाइन-2 के तहत एनएससीएन-के के कम से कम सात से आठ कैम्पों के अलावा उल्फा केएलओ, एनईएफटी के ठिकानों को म्यांमार की सेना से नष्ट कर दिया है।

बताया जाता है कि दोनों देशों की ओर से म्यांमार बॉर्डर पर चलाए गए 'ऑपरेशन सनशाइन-2' में दो बटालियन के अलावा स्पेशल फोर्सेज असम राइफल्स और घातक इन्फेंट्री के जवानों को शामिल किया गया था। वहीं म्यांमार सेना ने अपनी विशेष टीम तैयार की थी। पिछले काफी समय से म्यामांर बॉर्डर पर उग्रवादी गतिविधियों में तेजी देखी जा रही थी। जानकारी के मुताबिक, इस कार्रवाई में कई उग्रवादी कैंप पूरी तरह से तबाह कर दिए गए हैं। अभी तक इस बात की जानकारी हासिल नहीं हो सकी है कि सर्जिकल स्ट्राइक में कितने आतंकी मारे गए हैं।

गौरतलब है कि इसी साल 22 से 26 फरवरी के बीच दोनों देशों ने 'ऑपरेशन सनशाइन-1' चलाया गया था। उस वक्त भारतीय सेना ने भारतीय क्षेत्र के अंदर संदिग्ध अराकान विद्रोही कैंपों के खिलाफ कार्रवाई की थी। उस वक्त भारतीय सेना की ओर से की गई कार्रवाई से डरे आतंकी म्यांमार की ओर भाग गए थे लेकिन उन्हें वहां की सेना ने गिरफ्तार कर लिया था।

## संसद का बजट सत्र आज से

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला संसद सत्र कल यानी 17 जून से शुरू होने जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों से संसद सत्र में सहयोग की अपील की है. 17वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र 17 जून से 26 जुलाई तक चलेगा. बताया जा रहा है कि 19 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा और 5 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी.

लोकसभा सत्र के पहले दो दिन सभी निर्वाचित सदस्यों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई जाएगी. 19 जून को स्पीकर के चुनाव के बाद 20 जून को संसद के संयुक्त सत्र को राष्ट्रपति संबोधित करेंगे. इस बार के संसद सत्र में सरकार कई बड़े बिल को कानून बनाने को कोशिश करेगी. मोदी सरकार की कोशिश है कि संसद के पहले सत्र में 10 अध्यादेश को कानून की शक्ल दे दी जाए. हालांकि सरकार के लिए ये करना आसान नहीं होगा. राहुल गांधी ने पहले ही कह दिया है कि कांग्रेस के सांसदों की संख्या भले ही कम है लेकिन वह हर लड़ाई लड़ेंगे. जिन 10 अध्यादेशों पर में इसमें ट्रिपल तलाक, इंडियन मेडिकल काउंसिल संशोधन, जम्मू-कश्मीर आरक्षण, कंपनी और बैनिंग ऑफ अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम जैसे अध्यादेश शामिल हैं.

मोदी सरकार के मंत्रियों ने इन अध्यादेश को पास कराने के लिए विपक्षीय पार्टियों ने नेताओं से मुलाकात की है. मोदी सरकार के संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोनिया गांधी से मिलकर अध्यादेश में सहयोग की अपील की. इस मौके पर उनके साथ नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद थे. इसी के साथ दोनों ही नेताओं ने राज्य सभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद से भी मुलाकात की है.

## सुयक्त राष्ट्र-समर्थित आयुध भंडार पर हमला, नौ लोगों की मौत



**त्रिपोली ।** लीबिया की विद्रोही सेना ने शनिवार को राजधानी त्रिपोली के पूर्वी हिस्से में संयुक्त राष्ट-समर्थित सरकार की सेना के आयुध भंडार को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें नौ लोगों की मौत हो गयी और एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता फौजी वानिस ने बतायाा कि मारे गये नौ नागरिकों में दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

सरकार विरोधी सेना ने बताया कि उसका हवाई हमला बिल्कुल सही जगह पर हुआ है जिसमें सरकार के सुरक्षा बलों के गोला-बारूद के सबसे बड़े भंडार को निशाना बनाया गया है। खलीफा हफ्तार के नेतृत्व में विद्रोही सेना त्रिपोली पर कब्जा करने के लिए अप्रैल की शुरुआत से एक सैन्य अभियान का नेतृत्व कर रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लीबिया में इस संघर्ष में अब तक 653 लोगों की मौत हो गई है और 3,547 अन्य घायल हुए हैं। लीबिया में वर्ष 2011 में पूर्व नेता मुअम्मर गद्दाफी की सरकार गिरने के बाद से अराजकता का दौर जारी है।

## प्रचंड गर्मी और लू के चलते बिहार में एक दिन में 35 की मौत



**पटना (आरएनएस)।** बिहार में पड़ रही प्रचंड गर्मी के कारण जहां औरंगाबाद जिले के अलग-अलग प्रखंडों में लू लगने से आज एक ही दिन में 30 लोगों की मौत हो गई वहीं नवादा जिले में पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। सूत्रों ने बताया कि प्रचंड गर्मी के कारण आज जिले में लू का प्रकोप रहा, जिसमें अलग-अलग प्रखंडों में 30 लोगों की मौत हो गई। जिले के अलग-अलग प्रखंडों से लू के शिकार हुये 80 मरीजों को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। इनमें से 30 की मौत हो गई जबकि 10 की हालत गंभीर बनी हुई है।

सिंह ने बताया कि इनमें कई लोग ऐसे भी थे जिनकी मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गई जबकि कई लोगों ने सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। लू के शिकार हुये अभी भी कई लोग सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं, जिनमें से दस लोगों की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि लू के शिकार लोग आज अपराह्न तीन बजे से अस्पताल पहुंचने लगे, जिनमें से अधिकांश बेहोशी की हालत में थे।

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने औरंगाबाद, गया और नवादा जिले में भीषण गर्मी एवं लू से हुई मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया। कुमार ने औरंगाबाद, गया और नवादा में भीषण गर्मी एवं लू से हुई लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वह आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने मृतकों के आश्रितों को आपदा राहत कोष से तत्काल चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पूरे बिहार में इस भीषण गर्मी एवं लू के मद्देनज़र जरूरी कदम उठाने के भी निर्देश दिए हैं।

## बस में कई घंटों तक बंद रहे छह वर्षीय भारतीय बच्चे की मौत



**दुबई ।** यहां एक बस में कई घंटों तक बंद रहने के चलते छह वर्षीय भारतीय बच्चे की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के केरल का रहने वाला बच्चा मोहम्मद फरहान फैसल अल कोज में एक इस्लामिक केंद्र में छात्र था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह करमा से बस में बैठा था और बस चलने के बाद सो गया। शनिवार को सुबह आठ बजे इस्लामिक केंद्र पर सभी छात्रों के उतरने के बाद वह बस में अकेला रह गया।

दुबई पुलिस ने खलीज टाइम्स को बताया कि उन्हें दोपहर तीन बजे इस घटना की जानकारी मिली। इस्लामिक केंद्र के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि बस चालक जब बच्चों को दोबारा केंद्र से घर ले जाने के लिए बस को बाहर निकाला तब उसने बच्चे को देखा। मौत का वास्तविक कारण फिलहाल अज्ञात है।

संयुक्त अरब अमीरात में ऐसी घटनाएं बहुत कम होती हैं, लेकिन पहले भी हो चुकी हैं। इससे पहले 2014 में अबूधाबी के अल वरूद एकेडमी प्राइवेट स्कूल में केजी1 का एक छात्र भी बस में छूट गया था।

घटना ने देशभर में स्कूल बसों में छात्रों की सुरक्षा की बहस को जन्म दिया था। इसके बाद प्रधानाध्यापक, बस चालक और सुपरवाइजर को जेल भेज दिया गया था और उन्हें पीड़ित परिवार को मुआवजे के तौर पर एक लाख दिरहम देने का निर्देश दिया गया था।

## जाकिर मूसा की मौत का बदला लेने की फिराक में आतंकी

### » हाई अलर्ट पर जम्मू-कश्मीर



**श्रीनगर (आरएनएस)।** खूंखार आतंकी जाकिर मूसा की मौत के बाद बौखलाए आतंकी जम्मू-कश्मीर में बड़ा हमला करने की फिराक में है। पाकिस्तान की तरफ से भारत को कथित तौर पर जानकारी मिली है कि आतंकी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बड़ा हमले कर सकते है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवंतीपोरा के पास एक वाहन पर एक विस्फोटक का इस्तेमाल कर आतंकवादियों द्वारा हमले किए जाने की चेतावनी दी गई है। हमले की चेतावनी मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान ने यह जानकारी अमेरिका के साथ भी साझा की है। उन्होंने कहा कि आतंकी जाकिर मूसा की मौत के बाद आतंकी संगठन बौखलाए हुए है और मूसा की मौत का बदला लेने के लिए हमले की योजना बनाई जा रही है।

ज्ञात हो कि जाकिर मूसा ने हिज्बुल मुजाहिदीन से अलग होने के बाद कश्मीर में अंसार ग़ज़ावत-उल-हिंद नाम से अल-कायदा का सहयोगी समूह शुरू कर उसका नेतृत्व किया था ।

## राजस्थान की सुमन राव के सिर पर सजा मिस इंडिया 2019 का ताज



**मुंबई (आरएनएस)।** राजस्थान की रहने वाली सुमन राव ने यहां सरदार वल्लभभाई पटेल इंडोर स्टेडियम में सितारों से सजी महफिल में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2019 का खिताब अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ़ की शिवानी जाधव ने शनिवार को ब्यूटी पेजेंट के ग्रैंड फिनाले के दौरान फेमिना मिस ग्रैंड इंडिया 2019 का खिताब जीता और बिहार की श्रेया शंकर ने मिस इंडिया यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2019 का खिताब जीता।कॉलेज छात्रा 20 वर्षीय सुमन थाईलैंड में होने वाले मिस वर्ल्ड 2019 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। सुमन ने कहा, जब आप खुद को जीवन में एक विशेष लक्ष्य के लिए समर्पित करते हैं, तो आपके शरीर की नस-नस आपकी जीत के लिए उस दिशा में काम करना शुरू कर देती है। प्रतिष्ठित कार्यक्रम में बॉलीवुड कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, अभिनेत्री हुमा कुरैशी, चित्रांगदा सिंह, फैशन डिजाइनर फाल्गुनी शेन पीकॉक और भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री आदि शरीक हुए। कार्यक्रम के दौरान कटरीना कैफ, विक्की कौशल और मौनी रॉय जैसे फिल्मी सितारों ने अपने डांस परफार्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर और अभिनेता मनीष पॉल ने इस कार्यक्रम को होस्ट किया।

## राजधानी में बारिश, नोएडा में बूंदा-बांदी, लोगों को प्रचंड गर्मी से मिली राहत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भीषण गर्मी की मार झेल रहे दिल्ली-एनसीआर के लोगों को रविवार को थोड़ी राहत मिली. राजधानी के कुछ इलाकों में तेज हवा के साथा बारिश होने से गर्मी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली है. नोएडा में भी बूंदा-बांदी होने से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. मौसम विभाग ने अगले तीन-चार दिनों तक तेज हवा के साथ ही हल्की बारिश होने की संभावना जताई है. ऐसे में 44 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचे तापमान में गिरावट आने के आसार हैं. मौसम विभाग का कहना है कि बारिश के बाद तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है. इससे मौसम सुहावना रहेगा.

इसस पहले मौसम विभाग ने बादलों की दस्तक के साथ ही रविवार को मौसम नरम रहने की संभावना जताई थी. इस दिन हल्की बारिश होने का भी अनुमान जताया गया था. वहीं, तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है. हालांकि, लोगों को फिलहाल मॉनसून का इंतजार करना होगा. इस बार जून के अंत में या जुलाई के पहले सप्ताह में मॉनसून की पहली बारिश हो सकती है.

## राज्यसभा की 6 सीटों के लिए उपचुनाव 5 जुलाई को

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को छह राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा की। ये सीटें मौजूदा सदस्यों के लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए अप्रैल-मई 2019 में निर्वाचित होने के कारण रिक्त हुई हैं। इन सीटों में से दो गुजरात से हैं।

एक भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के गांधीनगर से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने से रिक्त हुई है, और दूसरी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अमेठी लोकसभा सीट से निर्वाचित होने के कारण रिक्त हुई है। ईरानी ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को हराया है।

अन्य चार सीटें बिहार से केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और ओडिशा से अच्युतानंद सामंत के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के कारण, जबकि प्रताप केशरी देब और सौम्या रंजन पटनायक के ओडिशा विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के कारण रिक्त हुई हैं। निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी बयान के अनुसार, नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 18 जून से शुरू होगी और 25 जून तक चलेगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 28 जून होगी। अयोग ने कहा है कि मतदान पांच जुलाई को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। निर्वाचन प्रक्रिया नौ जुलाई तक पूरी हो जाएगी।